# मुख्यमंत्री का सारंगढ़ पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और फलों से तौला गया



## नए जिले की सौगात मिलने पर सारंगढ़वासियों ने गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन









- कलेक्टर कार्यालय का किया शुभारंभ
- मुख्यमंत्री के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब
- कका जिंदाबाद, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारों से गूंजा सारंगढ़

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नवगठित जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री के स्वागत में युवाओं ने बाइक रैली निकाली और स्कूली बच्चों ने करमा लोकनृत्य किया। मुख्यमंत्री के रोड शो के दौरान उनके स्वागत में सड़क के दोनों ओर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिली। रोड शो के दौरान नृत्यश्री धारा इंस्टीट्यूट, रायपुर के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा करमा लोकनृत्य के मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके साथ मुख्यमंत्री को बेंगलुरु में कांजीवरम सिल्क से निर्मित और तिरुपति बालाजी में चढ़ाए गए मुकुट और साल भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री का राइस मिल एसोसिएशन, मुस्लिम जमात, चंद्रनाहु (चंद्रा) समाज, प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, ब्लॉक इकाई द्वारा पुष्प माला और गजमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उन्हें विभिन्न संगठन पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों अइरसा, कुर्मी, ठेठरी, गचकुलिया और केलों से भी तौला गया। मुख्यमंत्री बघेल रोड शो के दौरान गुरु घासीदास पुष्प वाटिका पहुंचे। वहां उन्होंने संत गुरू घासीदास जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर जैतखाम में ध्वजारोहण किया। गौरतलब है कि गुरु घासीदास पुष्प वाटिका सारंगढ़ क्षेत्र में सतनाम समाज का पहला जैतखाम है।

मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश के नव गठित 30 वां जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्यालय का छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कार्यालय के भूतल एवं प्रथम तल में स्थित 18 विभिन्न कक्षों में 36 शाखाओं के कार्यालयीन कामकाज संचालन हेतु बैठक व्यवस्था की गई है, इनमें भूतल पर जिला कलेक्टर कार्यालय एवं सभागार सहित 2 न्यायालयीन कक्ष है। इसी तरह अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं वित्त शाखा, नाजिर, खाद्य शाखा, भू-अभिलेख शाखा, राजस्व अभिलेख शाखा, नजूल शाखा, स्थानीय निर्वाचन शाखा, सामान्य निर्वाचन शाखा, भू-अर्जन शाखा, शिकायत शाखा, जन दर्शन शाखा आदि शाखाओं के कार्यालय शामिल हैं।



## मुख्यमंत्री ने सारंगढ़ को जिला बनाकर निभाया वादा

### सारंगढ़ की जनता कभी नहीं भूलेगी मुख्यमंत्री का अहसान.. जिले के लिए आंदोलन करने पर तीन दिन जेल में रहे कुलदीप सिंह आहूजा ने सुनायी अपनी जुबानी सारंगढ़ का जिले तक सफर



मैं 1994 में सारंगढ़ को जिला बनाने की मांग के लिए 3 दिन जेल में बंद रहा। जिला संघर्ष समिति ने आंदोलन किया था, कई लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ और शर्त थी कि बाकी लोगों को तभी जमानत मिलेगी जब कोई एक जेल जाता। मैंने कहा मैं जेल जाऊंगा। उस वक्त मेरी बिटिया एक साल की थी और मेरे बिना सोती नहीं थी, मैं उसे रोता हुआ छोड़कर जेल चला गया। लेकिन आज खुशी है कि मेरे जीते जी ये सपना सच हो रहा है। सारंगढ़ के जिला बनने की कहानी बताते हुए कुलदीप सिंह आहूजा भावुक हो उठे। वे कहते हैं कि मैं आपको एक बात बताता हूं और ये मत सोचिएगा कि आप सरकारी नुमाइंदे हैं इसलिए ऐसा बोल रहा हूं। आज तक सारंगढ़ के लोगों से सिर्फ छलावा किया गया था। हर चुनाव से पहले यहां की जनता से कहा जाता था कि आप हमें विधायक दीजिये हम आपको जिला देंगे। लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने जो वादा किया उसे निभाया, यहां के लोगों को छला नहीं। मुख्यमंत्री जी चाहते तो ऐन चुनाव से पहले जिला बनाते लेकिन उनके मन में वोट का लालच नहीं बल्कि यहां की जनता से किये वादे को पूरा करने की ललक है। हम अपने मुख्यमंत्री का यह अहसान कभी नहीं भूलेंगे। वाकई उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है । कुलदीप सिंह आगे बताते हैं कि हमारे संघर्ष के कई साथी स्वर्गवासी हो गए। वे जहां भी हैं वहां से आज का दिन देखकर बहुत खुश हो रहे होंगे। हम लोगों को अब तक हर छोटी छोटी चीज के लिये रायगढ़ जाना होता था, चाहे अस्पताल हो, कोर्ट-कचहरी का चक्कर हो या राजस्व से संबंधित कोई काम। किसान और गरीब आदमी को बहुत परेशानी होती थी। जिला बनने से यहां प्रशासनिक काम भी हो सकेंगे साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं भी बढ़ेंगी। अब समय और पैसे दोनों की बचत होगी ।

## मुख्यमंत्री के स्वागत में लोगों ने अपने दुकानों, घरों के बाहर लिखा पान, पानी, पालगी

सारंगढ़ की कई दुकानों के बाहर लिखा हुआ है पान, पानी, पालगी। जिला बनने से यहां के लोग बेहद खुश हैं और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वागत के लिए अपने प्रतिष्ठानों को सजाकर रखे हुए हैं लेकिन आखिर हर जगह पान, पानी और पालगी क्यों लिखा हुआ है। इस बारे में पूछने पर यहां के बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि ये लाइन सारंगढ़ की पहचान हैं। पहले यहां पान के बहुत शौकीन थे और यहां पर कई जगह पान की खेती भी होती है। इसके अलावा यहां बहुत से तालाब हुआ करते थे जिससे यहां पानी की कभी कमी नहीं हुई। छत्तीसगढ़ की संस्कृति में बड़ों का सम्मान स्वरूप प्रणाम करने पर पालगी कहते हैं। इस प्रकार पान, पानी और पालगी सारंगढ़ के लोगों की पहचान और हमारी जीवन शैली का अहम हिस्सा बन चुका है। इसलिए हम लोगों ने अपने मुखिया के स्वागत में सारंगढ़ की पहचान बन चुकी इन पंक्तियों को लिखकर रखा है ।




## सारंगढ़ जिला बनने से सभी वर्गों को फायदा

### जिले के लिए आंदोलन करने पर हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता था.. लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो कहा सो किया...



सारंगढ़ जिले की मांग 40 साल से भी अधिक पुरानी है। मैं यहां पर पिछले 50 साल से बिजनेस कर रहा हूं। पहले मेरा रेस्टोरेंट था, अभी शू शॉप है। जिला संघर्ष समिति ने जिले के लिए बहुत आंदोलन किया, हर बार सिर्फ आश्वासन मिलता था लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संवेदनशीलता दिखायी और सारंगढ़ वासियों की भावनाओं को समझा। हम सभी सारंगढ़वासी मुख्यमंत्री के बहुत आभारी हैं। ये कहना है सारंगढ़ निवासी अजीत सिंह छाबड़ा का, जो जिला बनने पर बेहद खुश हैं। वे बताते हैं कि 1975 के पहले महानदी पर पुल नहीं था तब रायगढ़ तक नाव से जाना पड़ता था। आज भले ही साधन हैं लेकिन हर छोटे काम के लिए रायगढ़ तक जाने में समय और पैसा बहुत खर्च होता है। जिला बनने के बाद अब सारे काम यहीं हो सकेंगे। लोगों को भी बहुत सहूलियत होगी। यहां लोगों का आना-जाना बढ़ेगा जिससे व्यापारियों को भी लाभ होगा। जिला बनने से यहां सभी वर्गों के लोगों की उन्नति होगी।

## लैलूंगा क्षेत्र में मिली कापू की गुम बालिका, लैलूंगा पुलिस की दबिश पर बालिका को छोड़कर फरार हुआ युवक

- थाना कापू में आरोपी युवक पर अपहरण व पोक्सो एक्ट का अपराध दर्ज




**रायगढ़।** दिनांक 03.09.2022 को थाना लैलूंगा में कुछ ग्रामीण आकर समीप के गांव में कापू थानाक्षेत्र की 16-17 साल की लड़की को ग्राम केसमा थाना उदयपुर जिला सरगुजा का रहने वाला लड़का भगाकर लाये जाने की सूचना दिये। लैलूंगा पुलिस गांव जाकर दबिश दिया गया, जहां बालिका मिली जो बताई कि उसे ग्राम केसमा का लड़का शादी का प्रलोभन देकर भगाकर लाया है। लैलूंगा पुलिस बालिका के परिजनों को बुलाये, तत्पश्चात बालिका एवं उसके परिजन युवक पर थाना कापू में अपराध दर्ज कराने की बात कहते हुए बालिका को साथ थाना कापू लेकर गये , जहां बालिका लिखित आवेदन देकर आरोपी युवक पर अपराध दर्ज करायी है।

बालिका बताई कि उदयपुर (सरगुजा) में अपने रिस्तेदार के घर रहकर में पढाई कर रही थी, जहां से वापस अपने गांव आ गई है। दिनांक 14.08.2022 दोपहर ग्राम केसमा उदयपुर में रहने वाला लड़का चाल्हा बाजार में मिला जो प्रेम करता हूं, शादी करूंगा कहकर बहला-फुसलाकर अपने साथ लैलूंगा ले गया और इच्छा के विरूद्ध शारीरिक शोषण (बलात्कार) किया है। लैलूंगा पुलिस को देखकर वह लड़का छोड़कर भाग गया। लैलूंगा पुलिस पूछताछ करने पर घटना बताई। आरोपी युवक के विरूद्ध दिये गये लिखित आवेदन पर आज दिनांक 03.09.2022 को थाना कापू में धारा 363, 366, 376( 2)(n) IPC, 4,6 Pocso Act के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। फरार आरोपी के मिलने के ठिकानों पर पुलिस की दबिश जारी है।

## मोटर सायकल और डीजल चोरी मामलें में नाबालिग के साथ दो युवक गिरफ्तार

- आरोपियों से प्लेटिना मोटर सायकल, 100 लीटर डीजल और डीजल निकालने का मशीन जब्त
- पुसौर पुलिस की कार्रवाई में विधि के साथ संघर्षरत बालक बाल संप्रेषण गृह दाखिल और दोनों युवक गये जेल

**रायगढ़।** दिनांक 03.09.2022 को पुसौर पुलिस द्वारा ग्राम रावनखोंदरा में रहने वाले बैद्यनाथ पटेल (उम्र 44 वर्ष) के मकान के आंगन पर खड़ी मोटर सायकल तथा ड्रम एवं JCB वाहन में रखा करीब 200 लीटर डीजल चोरी कर ले जाने वाले 3 आरोपियों को चोरी की मशरूका समेत पकड़ा गया है। आरोपियों में एक विधि के साथ संघर्षरत बालक है जिसे किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ एवं दोनों युवकों को चोरी के आरोप में सक्षम न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया, जहां से जेल वारंट पर दोनों आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है, वहीं न्यायालय आदेश पर विधि के संघर्षरत बालक को बाल संप्रेषण गृह दाखिल किया गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 01.09.2022 को थाना पुसौर में रिपोर्टकर्ता बैद्यनाथ पटेल निवासी रावनखोंदरा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 31/08/22 के सुबह करीब 5 बजे अपने साढ़ू नरेन्द्र पटेल को लेकर ईलाज कराने रायपुर ले गया था। दोनों ईलाज कराकर करीबन 31-1/09/22 के दरम्यानी रात्रि 2.30 बजे घर पहुंचे। घर में देखे आंगन में खड़ी प्लेटिना मोटर साइकिल काला नीला रंग क्रमांक सीजी 13 एजे 5562 तथा जेसीबी वाहन एवं ड्रम में रखे करीब 200 लीटर डीजल को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था, चोरी के रिपोर्ट पर धारा 457,380 IPC का अपराध अज्ञात आरोपी के विरूद्ध दर्ज कर पतासाजी में लिया गया। आज मुखबिर सूचना पर एक अपचारी बालक तथा दो युवक कमलेश उरांव एवं राजेन्द्र मालाकार निवासी धनगांव को हिरासत में लेकर बैद्यनाथ पटेल निवासी रावनखोंदरा के घर चोरी के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया, जिस पर आरोपियों द्वारा एक साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किये हैं।

हिरासत में लिये गये आरोपियों ने अपने मेमोरंडम पर बताये कि पैसों की आवश्यकता के कारण तीनों मिलकर दिनांक 31/08/2022 की रात्रि करीब 12:00 से 1:00 के मध्य ग्राम रावनखोंदरा के एक मकान के मेन गेट को तीनों छलांग लगाकर उसके आंगन में घुसे और आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल सीजी 13 ए.जे. 5562 एवं ड्रम में रखा डीजल करीब 50-50 लीटर कुल 100 लीटर एवं डीजल निकालने का मशीन को चोरी कर आंगन से बाड़ी की तरफ से निकाल कर ले गए थे। चोरी की मोटरसाइकिल विधि के साथ संघर्षरत बालक से तथा डीजल निकालने वाला मशीन आरोपी कमलेश उरांव के पास से तथा आरोपी राजेंद्र मालाकार से चोरी का 100 लीटर डीजल उसके घर के पीछे बाड़ी से बरामद किया गया है। अभिरक्षा में लिये गये (1) विधि के साथ साथ संघर्षरत बालक (2) राजेंद्र मालाकार पिता चोक लाल मालाकार उम्र 20 साल मूल निवास बुलाथी हाल मुकाम निवासी धनगांव (3) कमलेश उरांव पिता अंतराम 20 साल निवासी धनगांव थाना पुसौर से जुमला 35,000 रूपये की चोरी की सम्पत्ति जप्त कर आरोपियों को थाना पुसौर के अप.क्र. 352/2022 धारा 457,380, 34 IPC में गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक सुंदर लाल बांधे, सहायक उप निरीक्षक हेम सागर पटेल, कोसो सिंह जगत, आरक्षक अमर खुंटे, यादराम सिदार और लक्ष्मी पटेल की सक्रिय भूमिका रही है।

## लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम भर्ती के लिए 5 सितम्बर आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम (एल.ए.डी.सी.एस) के लिए चयनित किया गया है। इस योजना के अंतर्गत अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। प्रदेश के 18 जिलों में से जिला रायगढ़ हेतु भी लीगल एड डिफेंस काउन्सेल सिस्टम कार्यालय के सुचारू संचालन हेतु जिले में लंबित प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सेल के एक पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सेल के दो पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउन्सेल के दो पद स्वीकृत करते हुए भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर नियुक्ति के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पद पर नियुक्ति के लिए अधिवक्ताओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। निर्धारित मानदण्डों को पूर्ण करने वाले इच्छुक अधिवक्ता 5 सितंबर 2022 की शाम 5:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से या डाक के माध्यम से अपने आवेदन विहित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के कार्यालय में जमा कर इसका लाभ उठा सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं इस संबंध में विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के वेबसाइट पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के पेज पर ऑनलाइन उपलब्ध है। साथ ही उक्त जानकारी जिला न्यायालय रायगढ़ परिसर स्थित प्रबंध कार्यालय से भी प्राप्त की जा सकती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480